# BANKING CURRENT AFFAIRS: MARCH 2018

- आईसीआईसीआई के निदेशक के दिपक कोचर और वीडियोकॉन के अध्यक्ष वेणुगोपाल धूत के बीच कथित संलिप्तता की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक महीने पहले एक प्राथमिक जांच (पीई) दर्ज की थी.
- माइक्रोफाइनेंस ऋणदाता जनालक्ष्मी फाइनेंशियल सर्विसेज का जन स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में रूपांतरण पूरा हुआ, परन्तु सीईओ अजय कंवाल के अनुसार ऋणदाता अपने माइक्रोफाइनांस पोर्टफोलियो में किसी भी प्रकार की कमी नहीं करेगा.
- कर्नाटक बैंक लिमिटेड ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सूचित किया है कि गीतांजलि जेम्स के घोटाले से प्रभावित मेहुल चॉक्सी ने फंड आधारित कार्यशील पूंजी में 86.5 करोड़ रुपये धोखाधड़ी की है. हालांकि, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक ने स्पष्ट किया है कि चोकसी की कंपनी में किसी भी लेटर ऑफ अंडरस्टेंडिंग का एक्सपोजर नहीं है.
- पंजाब नेशनल बैंक ने कहा कि नीरव मोदी, मेहुल चोक्सी और उनकी कंपनियों से जुड़े धोखाधड़ी में जारी किए गए लैटर ऑफ़ अंडरटेकिंग और फॉरेन लैटर ऑफ़ क्रेडिट के विरुद्ध सात अन्य ऋणदाताओं को करीब 6,500 करोड़ रुपये का भुगतान करेगा.
- भारतीय रिजर्व बैंक से अंतिम लाइसेंस प्राप्त करने के एक वर्ष के बाद से, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अंततः परिचालन शुरू किया है.
- सरकार ने सभी सार्वजनिक-क्षेत्रीय बैंकों (पीएसबी) को निर्देश दिया है कि 50 करोड़ रुपए और उससे अधिक के ऋण लेने वाली कंपनियों के प्रमोटरों या निर्देशकों और अन्य अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के पासपोर्ट की प्रमाणित प्रति प्राप्त करें. सरकार ने पीएसबी को सलाह दी कि मौजूदा मामलों में जहां 50 करोड़ रुपये या इससे अधिक का ऋण है, बैंक सभी संबंधित व्यक्तियों के पासपोर्ट का विवरण प्राप्त करें.
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार प्रत्येक पांच बैंक उधारकर्ताओं में से एक महिला है. आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2017 में बैंक क्रेडिट तक पहुंचने में महिलाओं का हिस्सा बढ़कर 19 .3% हो गया, जो 2001 में 8.8% था.
- 75,000 करोड़ रुपये का शिक्षा ऋण बाजार पिछले एक दशक के बाद से चक्रवृद्ध वार्षिक आधार पर 15% से अधिक की बढ़ोतरी के साथ, प्रतिभूतिकरण के लिए नवीनतम परिसंपत्ति वर्ग बन गया है. शिक्षा ऋण का प्रतिभूतिकरण दो प्रमुख विकास- क्रमों, निवेशक आधार का विस्तार करना और गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्र ऋण प्रतिभूतिकरण की बढ़ती मांग से प्रेरित है, पर आधारित है.
- सुरक्षित वित्तीय संदेश सेवा प्रदाता SWIFT ने कहा कि इसने जीपीआई ट्रैकर सिस्टम का विस्तार किया है ताकि बैंक अपने वैश्विक लेनदेन को हर समय ट्रैक कर सकें, भुगतान गतिविधि पर पूर्ण निगरानी रख सके. अपने GPI ट्रैकर का विस्तारित नेटवर्क सभी भुगतान निर्देशों को कवर करेगा. SWIFT ने कहा कि सीमा पार भुगतान लेन-देन के 10% के लिए जीपीआई उत्तरदायी है और दुनिया भर में तेजी से और सुरक्षित रूप से प्रत्येक दिन सौ अरब डॉलर से अधिक को स्थानांतरित करने के लिए सक्षम है.
- एसबीआई और भारत बंधक गारंटी निगम (आईएमजीसी) ने भावी गैर-वेतनभोगी और स्व-नियोजित गृह ऋण ग्राहकों के लिए बंधक गारंटी योजना की पेशकश करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए. इस पेशकश से विनियामक मानदंडों के तहत गृह ऋण की योग्यता 15 प्रतिशत तक बढ़ाने में मदद मिलेगी.
- एक्सिस बैंक ने शारजाह में एक नए प्रतिनिधि कार्यालय की घोषणा की. तीसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में तीसरे स्थान, शारजाह में स्थापित प्रतिनिधि कार्यालय प्रेषण कारोबार पर ध्यान केंद्रित करेगा.
- कर्नाटक बैंक ने विप्रो के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथिली रमेश को अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया है.

Adda 247 Publications




**Visit:** publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**

- आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, बैंक के ऋण में वृद्धि दोहरे अंकों में 11.48 फीसदी बढ़कर 83,48,773 करोड़ रुपये रही, जो कि 2 मार्च को समाप्त तक की थी. 3 मार्च, 2017 को समाप्त हुए अवधि में, एडवांसमेंट 74,88,993 करोड़ रुपए पर थी.
- यस बैंक ने यस ट्रांसएक्ट स्मार्ट ट्रेड प्रोडक्ट स्यूट के एक हिस्से के रूप में एक रोबोटिक्स आधारित 'डिजिटल एक्सपोर्ट इम्पोर्ट' भुगतान समाधान लॉन्च किया. एकीकृत उत्पाद रोबोटिक्स प्रक्रिया स्वचालित है और आयात और निर्यात भुगतानों के लिए प्रस्तुत दस्तावेजों की आवश्यकता को समाप्त करने में सहायता करता है.
- क्रिप्टोकरेंसी पर विनियामक असुविधा के बाद, दूसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने अपने कार्ड को इस तरह के उपकरणों में खरीद / व्यापार करने के लिए इस्तेमाल करने पर प्रतिबंधित कर दिया है.
- आईसीआईसीआई बैंक ने MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों) के ग्राहकों के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन और कागज रहित तरीके से त्वरित ओवरड्राफ्ट 'InstaOD' सुविधा शुरू की है. ग्राहक, बैंक के इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग ऐप का उपयोग करके कहीं भी एक वर्ष के लिए 15 लाख रुपये तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा प्राप्त कर सकते है. नई सुविधा बैंक के कुछ पूर्व-योग्य वर्तमान खाता ग्राहकों को शाखा का दौरा किए बिना तत्काल सुविधा का लाभ मिलेगा और जिसके लिए उन्हें दस्तावेज जमा करने की भी आवश्यकता नहीं है. आईसीआईसीआई बैंक अन्य बैंकों के एमएसएमई ग्राहकों को ऑनलाइन ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान करने के लिए ऑफर करेगा.
- आरबीएल बैंक ने मुम्बई स्थित फाइनटेक प्लेटफॉर्म CreditVidya के साथ भागीदारी की है, ताकि वेतनभोगी कर्मचारियों के रोज़गार विवरण को तुरन्त सत्यापित कर सकें, इसके परिणामस्वरूप क्रेडिट आकलन की अवधि कम हो जाएगी. CreditVidya, 25 से अधिक प्रमुख वित्तीय संस्थानों के लिए वैकल्पिक डेटा क्रेडिट अंडरराइटिंग समाधान प्रदान करता है.
- देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई ने बचत खातों में औसत मासिक बैलेंस (एएमबी) पर नॉन-मेंटेनेंस चार्ज लगभग 75 प्रतिशत तक घटाया है. संशोधित शुल्क 1 अप्रैल, 2018 से प्रभावी होगा और 25 करोड़ से अधिक ग्राहकों को फायदा होगा.मेट्रो और शहरी केंद्रों में ग्राहकों के लिए एएमबी के नॉन-मेंटेनेंस चार्ज को अधिकतम 50 रुपये प्रति माह से घटाकर 15 रुपये प्रति माह कर दिया गया है. इसी तरह, अर्ध-शहरी और ग्रामीण केंद्रों के लिए, शुल्क हर महीने 40 रुपये से घटाकर 12 रुपये कर दिया गया है और 10 रूपये जीएसटी शुल्क ऊपर बताइ गयी दरों के ऊपर और उससे अधिक पर लागू होंगा.
- रिज़र्व बैंक ने ऑपरेटिंग दिशानिर्देशों और Know Your Customer (KYC) मानदंडो का उल्लंघन करने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है.
- वित्त मंत्रालय द्वारा एकत्र आंकड़ों के मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में विल्फुल डिफाल्टर द्वारा बकाया 516 करोड़ रुपये का ऋण दर्ज किया है. इस प्रयोग के तहत, 2017-18 अप्रैल के अप्रैल-सितंबर की अवधि के दौरान बैंक पुस्तक में विल्फुल डिफाल्टर के 38 ऋण खातों को दर्ज किया गया है.

**नोट:** आसान शब्दों में एक विल्फुल डिफ़ॉल्टर वह व्यक्ति है जो जान-बुझकर लिया गया ऋण वापस लौटाने नहीं चाहता है. एक विल्फुल

डिफ़ॉल्टर एक इकाई या एक व्यक्ति हो सकता है जो है जो ऋण भरने के योग्य होने के बावजूद भी अपने ऋण का भुगतान नहीं करता.




- ✓ पंजाब नेशनल बैंक ने तीन साल की अवधि के लिए कार्यकारी निदेशक के रूप में लिंगम वेंकट प्रभाकर को नियुक्त किया है. प्रभाकर की नियुक्ति राम एस संगापुर की सेवानिवृत्ति के बाद हुई, जिन्होंने कार्यकारी निदेशक के पद का त्याग कर दिया.
- ✓ आरबीआई ने निजी ऋणदाता एक्सिस बैंक पर 3 करोड़ रु का जुर्माना आयकर मान्यता और परिसंपत्ति वर्गीकरण (आईआरएसी) मानदंडों का पालन न करने के लिए लगाया. आरबीआई ने इंडियन ओवरसीज़ बैंक पर Know Your Customer (KYC) के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन न करने पर 20 मिलियन का जुर्माना लगाया.
- ✓ पूर्व सिटीबैंकर राहुल शुक्ला निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के मुंबई स्थित के कॉर्पोरेट बैंकिंग डिवीजन के प्रमुख के रूप में शामिल हो गए हैं.

Video Course are available in

ONLINE STREAMING

MICRO SD CARD

ANDROID TAB (SD Card Included)

# VIDEO COURSES

for Government Exams

## Banking Courses

- IBPS PO Pre
- IBPS PO Complete Kit
- RRB Mains Complete Kit
- IBPS PO: Quantitative Aptitude
- IBPS RRB Pre - Quant + Reasoning
- IBPS PO Pre + Mains

## SSC Courses

- Maths for SSC CGL Mains
- English + Maths for SSC CGL Mains
- English for SSC CGL Mains
- IB ACIO (Tier I) + SSC Complete KIT

Compliment your classroom with Banking Video Courses

visit: videocourses.adda247.com

Study on the GO with the Adda247 App

GET IT ON Google Play

Download on the App Store








ONLINE TEST PROGRAM

- Time-Bound Tests
- Detailed Solutions
- Based on Latest Pattern
- Detailed Test Analysis
- All India Ranking
- Video Solutions

Boost your preparation with Adda247 Online Test Series

visit: store.adda247.com

bankersadda.com A Unit of Adda247

Adda 247 Govt. Job in Your Pocket!

sscadda.com A Unit of Adda247